प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन

Kolkata - Jan 15, 2021

Page No: 5
Page Name: n.a.
Size: 182 sq. cm
AVE: INR 57,212
Type: Newspaper
Language: Hindi
Circulation: 65,495
Frequency: Daily

News monitored for: Emami Group
Title: Soumitra will remain always in the heart of cine lovers: Mamata

# सिने प्रेमियों के दिलों में हमेशा रहेंगे सौमित्र : ममता

**कोलकाता.** बांग्ला सिनेमा जगत के महान कलाकार स्व. सौमित्र चटर्जी के 86वें जन्मदिन पर उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी सौमित्र चटर्जी फाउंडेशन और इमामी आर्ट एंड मुखोमुखी के सहयोग से आयोजित की गयी. कोलकाता सेंटर फॉर क्रिएटिविटी की इमामी आर्ट गैलरी में आयोजित एक्जीबीशन का उद्घाटन करते हुए राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि सौमित्र चटर्जी बंगाल के ऐसे महान कलाकार थे, जिन्होंने अभिनय के जरिये जीवन के कई पक्षों को उजागर किया. जब अस्वस्थ थे, तब भी उनसे बात होती थी, लेकिन हमको छोड़ कर दुनिया से चले जायेंगे, यह सोचा ही नहीं था. फिल्म निर्माता सत्यजीत राय की मेंटरशिप में श्री सौमित्र ने बहुत कुछ सीखा और फिल्म जगत को बहुत कुछ दिया. आज भले ही शारीरिक रूप से वह नहीं हैं, लेकिन लोगों के दिलों में वे हमेशा जिंदा रहेंगे. बांग्ला फिल्मों के जनक श्री चटर्जी अपने फिल्मी अभिनय, चलचित्रों, लेखन व चित्रकारी के जरिये आम लोगों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे. कार्यक्रम में पेंटर व सौमित्र चटर्जी फाउंडेशन के संयोजक जोगेन चौधरी ने कहा कि यह पहली पब्लिक एक्जीबीशन है, जिसमें बंगाल के लेजेंड कलाकार के समग्र जीवन व व्यक्तित्व के बारे में लोग जान पायेंगे. कार्यक्रम में सौमित्र चटर्जी फाउंडेशन के अध्यक्ष और इमामी ग्रुप के चैयरमेन आर एस अग्रवाल व आरएस गोयनका ने कहा कि हम चाहते हैं कि बंगाल के सांस्कृतिक हेरिटेज से जुड़े इस कलाकार व उनके योगदान को लोग जानें व समझें. इमामी आर्ट और कोलकाता सेंटर फॉर क्रिएटिविटी की सीइओ रिचा अग्रवाल ने कहा कि बंगाल के महान अभिनेता स्व. सौमित्र चटर्जी की 86वीं जन्म वार्षिकी के रूप में प्रदर्शनी आयोजित कर हमको खुशी हो रही है, क्योंकि वे बंगाल के सांस्कृतिक आइकॉन के साथ एक अच्छे निर्देशक, लेखक, कवि और चित्रकार भी थे. एक्जीबिशन में उनकी पेंटिंग, उदाहरणात्मक सिनेमैटिक कार्य, उनके फिल्मी व अभिनय जीवन की यात्रा के यादगार पल, फिल्में, स्टेज ड्रामा, डॉक्यूमेंट्रीस दिखायी जायेंगी. कार्यक्रम में सौगत चटर्जी, पौलमी बोस, पेंटर दीपा चटर्जी, फाउंडेशन के उपाध्यक्ष नवरतन झवर, इमामी ग्रुप के डाइरेक्टर आदित्यवर्द्धन अग्रवाल भी उपस्थित रहे. यहां फीचर फिल्म के रोस्टर्स, लॉबी कार्ड्स, बुकलेट्स, मैनुस्क्रिप्टस, पत्र, अनदेखी तस्वीरें और सौमित्र द्वारा तैयार पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया गया. 15 से 31 जनवरी तक चलनेवाली प्रदर्शनी में अभिनेता स्व. सौमित्र चटर्जी की कई फिल्में भी दिखायी जायेंगी.


© Prabhat Khabar